**केंद्रीय निदेशक बोर्ड, भारतीय रिज़र्व बैंक की 01 सितंबर 2023**
**को इंदौर में आयोजित छह सौ तीनवीं (603वीं)**
**बैठक का कार्यवृत्त**

**उपस्थित**

**गवर्नर**

शक्तिकान्त दास : अध्यक्ष

**उप गवर्नर**

माइकल देवब्रत पात्र — एम. राजेश्वर राव
टी. रबी शंकर — स्वामीनाथन जे.

**निदेशक**

अजय सेठ — विवेक जोशी
एस. गुरुमूर्ति — रेवती अय्यर
सचिन चतुर्वेदी — आनंद गोपाल महिंद्रा
पंकज रमणभाई पटेल — रवीन्द्र एच. धोलकिया

**उपस्थित आमंत्रित - कार्यपालक निदेशक**

एस.सी. मुर्मू — ओ.पी. मल्ल
सौरभ सिन्हा — विवेक दीप
जयन्त कुमार दाश — आर. सुब्रमणियन
रोहित जैन — राधा श्याम रथ
अजय कुमार — अजय कुमार चौधरी
दीपक कुमार — राजीव रंजन
सितिकंठ पट्टनायक — नीरज निगम
पी. वासुदेवन — सुधा बालकृष्णन

**उपस्थित**

अविरल जैन, प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक एवं सचिव
वाई. जयकुमार, महाप्रबंधक

## केंद्रीय निदेशक बोर्ड, भारतीय रिज़र्व बैंक की 01 सितंबर 2023 को इंदौर में आयोजित छह सौ तीनवीं (603वीं) बैठक का कार्यवृत्त

गवर्नर ने बैठक में सभी सहभागियों का स्वागत किया और श्री स्वामीनाथन जे. का विशेष रूप से स्वागत किया, जो उप गवर्नर नियुक्त होने के बाद केंद्रीय बोर्ड की पहली बैठक में भाग ले रहे थे तथा साथ ही श्री पी. वासुदेवन, कार्यपालक निदेशक का भी स्वागत किया जो कार्यपालक निदेशक बनने के बाद अपनी पहली बैठक में भाग ले रहे थे। गवर्नर ने बोर्ड को सूचित किया कि श्री सितिकंठ पट्टनायक, कार्यपालक निदेशक केंद्रीय बोर्ड की अपनी अंतिम बैठक में भाग ले रहे हैं, क्योंकि वे सितंबर 2023 के अंत में बैंक की सेवा से अधिवर्षित हो रहे थे। उन्होंने श्री पट्टनायक द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की सराहना की और भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने यह भी सूचित किया कि श्री अविरल जैन, प्रभारी मु.म.प्र. एवं सचिव, क्षेत्रीय निदेशक, मुंबई का पदभार संभालेंगे और श्री वाई. जयकुमार, महाप्रबंधक को कार्यभार सौंपेंगे।

2. श्री पंकज रमणभाई पटेल ने "भारत में स्वास्थ्य सेवा का परिदृश्य और संभावनाएँ" पर एक प्रस्तुति दी। सदस्यों द्वारा प्रस्तुति की सराहना की गई और इस पर जीवंत चर्चा हुई।

3. तदुपरांत, बैठक की कार्यसूची पर चर्चा आरंभ की गई।

(i) बैठक की कार्यसूची अनुलग्नक-I में है।

(ii) बैठक के कार्रवाई बिंदु अनुलग्नक-II में हैं।

### 4. केंद्रीय बोर्ड की 19 मई 2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

4.1 केंद्रीय बोर्ड की 19 मई 2023 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त को केंद्रीय बोर्ड द्वारा अनुमोदित और अभिलिखित किया गया।

4.2 अध्यक्ष ने कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर किए।

### 5. निदेशकों को अनुपस्थिति की अनुमति

5.1 बोर्ड ने निदेशक श्री सतीश के. मराठे और श्री वेणु श्रीनिवासन से प्राप्त अनुपस्थित रहने की अनुमति संबंधी अनुरोधों पर विचार किया और उन्हें स्वीकृत किया।

### 6. केंद्रीय बोर्ड समिति की बैठकों के कार्य विवरण प्रस्तुत करना

6.1 निदेशकों के बीच पहले से परिचालित, केंद्रीय बोर्ड समिति की 10 मई 2023 और 17 अगस्त 2023 के बीच आयोजित बैठकों के कार्य विवरण बोर्ड को प्रस्तुत किए गए और अभिलिखित किए गए।

## 7. दिनांक 25 अगस्त 2023 को समाप्त सप्ताह का भारतीय रिज़र्व बैंक का साप्ताहिक कार्य विवरण

7.1 दिनांक 25 अगस्त 2023 को समाप्त सप्ताह का बैंक का साप्ताहिक लेखा केंद्रीय बोर्ड को प्रस्तुत किया गया।

7.2 बोर्ड ने लेखा अनुमोदित किया।

## 8. साप्ताहिक वित्तीय एवं वाणिज्यिक रिपोर्ट (WFCR)

8.1 बोर्ड ने साप्ताहिक वित्तीय एवं वाणिज्यिक रिपोर्ट (WFCR) में सप्ताह के दौरान दर्शाए गए समष्टि आर्थिक गतिविधियों और मुद्रा बाजार की स्थिति की समीक्षा की और उनपर चर्चा की।

8.2 बोर्ड ने उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में विकास संबंधी चिंताओं, श्रम उत्पादकता पर जलवायु प्रभाव, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विनियमन और भारत में ब्याज दर संचरण जैसे विभिन्न मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श किया। गवर्नर ने सलाह दी कि बोर्ड की अगली बैठक में ब्याज दर संचरण के मुद्दे पर एमपीडी और डीओएस द्वारा एक प्रस्तुति दी जाए।

## 9. भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड निदेशक, जिन्होंने पदभार छोड़ दिया है, के सेवाओं की सराहना

9.1 बोर्ड ने भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड निदेशकों, जिन्होंने पदभार छोड़ दिया है, के सेवाओं की सराहना संबंधी कार्यपालक निदेशक के 17 अगस्त 2023 के ज्ञापन पर विचार किया।

9.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि केंद्रीय बोर्ड ने 22 जून 2018 से 21 जून 2023 तक भारतीय रिज़र्व बैंक में उप गवर्नर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान श्री महेश कुमार जैन द्वारा प्रदान की गई बहुमूल्य सेवाओं की सराहना करता है और इसे इसके द्वारा अभिलिखित करता है।

श्री जैन ने उच्चस्तरीय वित्तीय अनुसंधान तथा अध्ययन केंद्र (कैफरल), इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान (आईजीआईडीआर) के प्रबंधन बोर्ड, राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएम) का गवर्निंग बोर्ड, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और बैंक बोर्ड ब्यूरो (बीबीबी) की गवर्निंग काउंसिल में रिज़र्व बैंक का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासेल समिति (बीसीबीएस) और आर्थिक सहयोग और विकास संगठन/वित्तीय शिक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क (ओईसीडी/आईएनएफई) सलाहकार बोर्ड में भी रिज़र्व बैंक का प्रतिनिधित्व किया है।

केंद्रीय निदेशक बोर्ड, केंद्रीय बोर्ड और उसकी समितियों की चर्चाओं में श्री जैन के बहुमूल्य योगदान और अंतर्दृष्टि की अगाध सराहना करता है और उनके भावी प्रयासों

में उनकी सफलता की कामना करता है। बोर्ड आगामी वर्षों में उनके एवं उनके परिवार के लिए सर्वोत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करता है।

**यह भी संकल्प पारित किया गया**

कि सचिव संबंधित निदेशक को उपर्युक्त बोर्ड संकल्प संप्रेषित करें।

[redacted]

## 11. रिज़र्व बैंक पेंशन विनियमावली, 1990 में संशोधन

11.1 बोर्ड ने भारतीय रिज़र्व बैंक पेंशन विनियमावली, 1990 में संशोधन पर कार्यपालक निदेशक के 31 जुलाई 2023 के ज्ञापन पर विचार किया।

11.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 58 की उप-धारा (2) के खंड (जे) के तहत, कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा विधिवत जांच की गई और केंद्र सरकार से पहले से स्वीकृति प्राप्त करने के बाद, केंद्रीय बोर्ड द्वारा इस ज्ञापन के अनुलग्नक में दिए गए पैरा 2 में बताए अनुसार रिज़र्व बैंक पेंशन विनियमावली, 1990 के नियमों में संशोधन को इसे इसके द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

## 12. लघु वित्त बैंक के लाइसेंस के लिए अपने आवेदन पर बैंक के निर्णय के विरुद्ध वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा की गई अपील

12.1 बोर्ड ने लघु वित्त बैंक के लाइसेंस के लिए अपने आवेदन पर बैंक के निर्णय के विरुद्ध वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा की गई अपील पर कार्यपालक निदेशक के 23 अगस्त 2023

के ज्ञापन पर विचार किया। [redacted]

12.2 चर्चा के बाद, बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि केंद्रीय बोर्ड के समक्ष रखे गए तथ्यों पर सावधानीपूर्वक विचार करने और सभी संबंधित कारकों को ध्यान में रखते हुए, वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा लघु वित्त बैंक के लाइसेंस के लिए अपने आवेदन पर बैंक के निर्णय के विरुद्ध की गई अपील को खारिज किया जाए और इसे इसके द्वारा खारिज किया जाता है।

## 13. भारतीय रिज़र्व बैंक की मीडिया खरीद नीति

13.1 बोर्ड ने भारतीय रिज़र्व बैंक की मीडिया खरीद नीति पर कार्यपालक निदेशक के दिनांक 24 अगस्त 2023 के ज्ञापन पर विचार किया।

13.2 एक निदेशक ने सुझाव दिया कि मीडिया खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल पर विचार किया जा सकता है। यह भी सलाह दी गई कि जीईएम पोर्टल के उपयोग की व्यवहार्यता की जांच की जाए। बाद में, बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि जन जागरूकता अभियान को क्रियान्वित करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की मीडिया खरीद नीति को अनुमोदित किया जाए और इसे इसके द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

## 14. दिनांक 31 मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट

14.1 बोर्ड ने 31 मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की गतिविधियों की रिपोर्ट पर कार्यपालक निदेशक के 13 जुलाई 2023 के ज्ञापन पर विचार किया।

14.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि 31 मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट पर कार्यपालक निदेशक के दिनांक 13 जुलाई 2023 के ज्ञापन को अभिलिखित किया जाए और इसे इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

## 15. अप्रैल 2022 से मार्च 2023 की अवधि के लिए भारतीय रिजर्व बैंक सर्विसेज बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट

15.1 बोर्ड ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 की अवधि के लिए भारतीय रिजर्व बैंक सर्विसेज बोर्ड की गतिविधियों की रिपोर्ट पर कार्यपालक निदेशक के दिनांक 24 जुलाई 2023 के ज्ञापन पर विचार किया।

15.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि वर्ष 2022-2023 के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज बोर्ड की 55वीं वार्षिक रिपोर्ट से संबंधित दिनांक 24 जुलाई 2023 के ज्ञापन को अभिलिखित किया जाए और इसे इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

## 16. जुलाई 2022 से जून 2023 की अवधि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी की अड़तालीसवीं वार्षिक रिपोर्ट

16.1 बोर्ड ने जुलाई 2022 से जून 2023 की अवधि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी की अड़तालीसवीं वार्षिक रिपोर्ट पर मुख्य सतर्कता अधिकारी के 21 जुलाई 2023 के ज्ञापन पर विचार किया।

16.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि जुलाई 2022 से जून 2023 की अवधि के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारी की वार्षिक रिपोर्ट को अभिलिखित किया जाए और इसे इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

## 17. विनियमन विभाग की गतिविधियों पर रिपोर्ट (01 जुलाई 2022 से 30 जून 2023)

17.1 बोर्ड ने विनियमन विभाग की गतिविधियों पर रिपोर्ट (01 जुलाई 2022 से 30 जून 2023) पर कार्यपालक निदेशक के दिनांक 18 अगस्त 2023 के ज्ञापन पर विचार किया।

17.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि 1 जुलाई 2022 से 30 जून 2023 की अवधि के दौरान विनियमन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा संबंधी कार्यपालक निदेशक के 18 अगस्त 2023 के ज्ञापन को अभिलिखित किया जाए और इसे इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

## 18. दिनांक 16 मई 2023 को आयोजित रिज़र्व बैंक की केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 182वीं बैठक का कार्यवृत्त

18.1 दिनांक 16 मई 2023 को आयोजित केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 182वीं बैठक का कार्यवृत्त केंद्रीय बोर्ड को प्रस्तुत किया गया।

18.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि दिनांक 16 मई 2023 को आयोजित केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 182वीं बैठक के कार्यवृत्त को अभिलिखित किया जाए और इसे इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

## 19. केंद्रीय बोर्ड की स्थायी समिति (स्थानीय बोर्ड- उत्तरी क्षेत्र) की 03 मार्च 2023 को आयोजित बैठक का कार्य विवरण

19.1 केंद्रीय बोर्ड की स्थायी समिति (स्थानीय बोर्ड- उत्तरी क्षेत्र) की 03 मार्च 2023 को आयोजित बैठक का कार्य विवरण केंद्रीय बोर्ड को प्रस्तुत किया गया।

19.2 बोर्ड ने उसपर विचार किया और निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि केंद्रीय बोर्ड की स्थायी समिति (स्थानीय बोर्ड- उत्तरी क्षेत्र) की 03 मार्च 2023 को आयोजित बैठक के कार्य विवरण को अभिलिखित किया जाए और इसे इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

## 20. केंद्रीय बोर्ड की स्थायी समिति (स्थानीय बोर्ड-दक्षिणी क्षेत्र) की 22 मई 2023 को आयोजित बैठक का कार्य विवरण

20.1 केंद्रीय बोर्ड की स्थायी समिति (स्थानीय बोर्ड-दक्षिणी क्षेत्र) की 22 मई 2023 को आयोजित बैठक का कार्य विवरण केंद्रीय बोर्ड को प्रस्तुत किया गया।

20.2 बोर्ड ने उसपर विचार किया और निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि केंद्रीय बोर्ड की स्थायी समिति (स्थानीय बोर्ड-दक्षिणी क्षेत्र) की 22 मई 2023 को आयोजित बैठक के कार्य विवरण को अभिलिखित किया जाए और इसे इसके द्वारा अभिलिखित किया जाता है।

## 21. व्यय नियमावली (ईआर) में संशोधन

21.1 बोर्ड ने व्यय नियमावली (ईआर) में संशोधन पर मुख्य वित्तीय अधिकारी के दिनांक 03 अगस्त 2023 के ज्ञापन पर विचार किया।

21.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि 'बैंक की सहायक कंपनियों को भुगतान' से संबंधित पैराग्राफ संख्या 39.2 के तहत स्वीकृति शक्ति- ग्रेड ई / डी में अधिकारी को ₹10 लाख तक, प्रभारी अधिकारी (ओ-आई-सी) ₹2 करोड़ तक और ₹2 करोड़ से अधिक के लिए कार्यपालक निदेशकों की

समिति होगी, को अनुमोदित किया जाए और इसे इसके द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

**22. वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड (बीएफएस) - उपाध्यक्ष का नामांकन**

22.1 बोर्ड ने वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड (बीएफएस) - उपाध्यक्ष का नामांकन पर कार्यपालक निदेशक के दिनांक 29 अगस्त 2023 के ज्ञापन पर विचार किया।

22.2 बोर्ड ने निम्नलिखित संकल्प पारित किया:

**संकल्प पारित किया गया**

कि वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड के लिए पूर्णकालिक उपाध्यक्ष के रूप में श्री स्वामीनाथन जे., उप गवर्नर के नामांकन के लिए कार्यपालक निदेशक के ज्ञापन दिनांक 29 अगस्त 2023 को अनुमोदित किया जाए और इसे इसके द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

**23. केंद्रीय बोर्ड की आगामी बैठक की तारीख और स्थान - 27 अक्तूबर 2023 को ऋषिकेश में**

**संकल्प पारित किया गया**

कि केंद्रीय बोर्ड की आगामी बैठक 27 अक्तूबर 2023 को ऋषिकेश में आयोजित की जाए।

**24. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कोई विषय**

कुछ नहीं

**सूचना मद**

**(i) अप्रैल 2022 - मार्च 2023 की अवधि के दौरान स्थानीय बोर्डों के कामकाज पर वार्षिक रिपोर्ट**

(क) सूचना मद को **अभिलिखित किया गया।**

**(ii) केंद्रीय बोर्ड के निर्देशों का अनुपालन**

(क) सूचना मद को **अभिलिखित किया गया।**

**दिनांक: 27 अक्तूबर 2023** **अध्यक्ष**

**अनुलग्नक - I**

**केंद्रीय बोर्ड की 603वीं बैठक**

**शुक्रवार, 01 सितंबर 2023 को इंदौर में**

**कार्यसूची**

| क्र. सं. | मद | विभाग |
|---|---|---|
| 1. | केंद्रीय बोर्ड की 19 मई 2023 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर करना | सचिव |
| 2. | निदेशकों को अनुपस्थिति की अनुमति | सचिव |
| 3. | केंद्रीय बोर्ड समिति की बैठकों के कार्य विवरण प्रस्तुत करना | सचिव |
| 4. | दिनांक 25 अगस्त 2023 को समाप्त सप्ताह का भारतीय रिज़र्व बैंक का साप्ताहिक कार्य विवरण | डीजीबीए |
| 5. | साप्ताहिक वित्तीय एवं वाणिज्यिक रिपोर्ट ( WFCR ) | डीईपीआर |
| 6. | भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड निदेशक, जिन्होंने पदभार छोड़ दिया है, के सेवाओं की सराहना | सचिव |
| [redacted] | [redacted] | [redacted] |
| 8. | रिज़र्व बैंक पेंशन विनियमावली, 1990 में संशोधन | एचआरएमडी |
| 9. | लघु वित्त बैंक के लाइसेंस के लिए अपने आवेदन पर बैंक के निर्णय के विरुद्ध बेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा की गई अपील | डीओआर |
| 10. | भारतीय रिज़र्व बैंक की मीडिया खरीद नीति | डीओसी |
| 11. | दिनांक 31 मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट | डीओएस |
| 12. | अप्रैल 2022 से मार्च 2023 की अवधि के लिए भारतीय रिजर्व बैंक सर्विसेज बोर्ड की गतिविधियों पर रिपोर्ट | आरबीआईएस बी |
| 13. | जुलाई 2022 से जून 2023 की अवधि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी की अड़तालीसवीं वार्षिक रिपोर्ट | सीवीसी |
| 14. | विनियमन विभाग की गतिविधियों पर रिपोर्ट (01 जुलाई 2022 से 30 जून 2023) | डीओआर |

| क्र. सं. | मद | विभाग |
|---|---|---|
| 15. | दिनांक 16 मई 2023 को आयोजित रिज़र्व बैंक की केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वियन समिति की 182वीं बैठक का कार्यवृत्त | राजभाषा |
| 16. | केंद्रीय बोर्ड की स्थायी समिति (स्थानीय बोर्ड- उत्तरी क्षेत्र) की 03 मार्च 2023 को आयोजित बैठक का कार्य विवरण | सचिव |
| 17. | केंद्रीय बोर्ड की स्थायी समिति (स्थानीय बोर्ड-दक्षिणी क्षेत्र) की 22 मई 2023 को आयोजित बैठक का कार्य विवरण | सचिव |
| 18. | व्यय नियमावली (ईआर) में संशोधन | सीएसबीडी |
| 19. | वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड (बीएफएस) - उपाध्यक्ष का नामांकन | डीओएस |
| 20. | केंद्रीय बोर्ड की आगामी बैठक की तारीख और स्थान - 27 अक्तूबर 2023 को ऋषिकेश में | सचिव |
| 21. | अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कोई विषय | सचिव |
| सूचना मद | | |
| i. | अप्रैल 2022 - मार्च 2023 की अवधि के दौरान स्थानीय बोर्डों के कामकाज पर वार्षिक रिपोर्ट | सचिव |
| ii. | केंद्रीय बोर्ड के निर्देशों का अनुपालन | सचिव |

**अनुलग्नक – II**

## केंद्रीय बोर्ड की 603वीं बैठक, शुक्रवार, 01 सितंबर 2023 को इंदौर में

## कार्यबिंदु

**कार्यसूची मद 5 : साप्ताहिक वित्तीय एवं वाणिज्यिक रिपोर्ट (WFCR)**

1. गवर्नर ने सलाह दी कि बोर्ड की अगली बैठक में ब्याज दर संचरण के मुद्दे पर एमपीडी और डीओएस द्वारा एक प्रस्तुति दी जाए।

**(कार्रवाई: एमपीडी और डीओएस)**

**कार्यसूची मद 10 : भारतीय रिज़र्व बैंक की मीडिया खरीद नीति**

2. एक निदेशक ने सुझाव दिया कि मीडिया खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल पर विचार किया जा सकता है। यह सलाह दी गई कि जीईएम पोर्टल के उपयोग की व्यवहार्यता की जांच की जाए।

**(कार्रवाई: डीओसी)**

**Minutes of the Six Hundred and Third (603rd) Meeting of the Central Board of Directors of the Reserve Bank of India held on September 01, 2023 at Indore**

**PRESENT**

**Governor**

Shaktikanta Das: Chairman

**Deputy Governors**

Michael Debabrata Patra
M. Rajeshwar Rao
T. Rabi Sankar
Swaminathan J.

**Directors**

Ajay Seth
Vivek Joshi
S. Gurumurthy
Revathy Iyer
Sachin Chaturvedi
Anand Gopal Mahindra
Pankaj Ramanbhai Patel
Ravindra H. Dholakia

**Present by Invitation - Executive Directors**

S.C. Murmu
O.P. Mall
Saurav Sinha
Vivek Deep
Jayant Kumar Dash
R. Subramanian
Rohit Jain
Radha Shyam Ratho
Ajay Kumar
Ajay Kumar Choudhary
Deepak Kumar
Rajiv Ranjan
Sitikantha Pattanaik
Neeraj Nigam
P. Vasudevan
Sudha Balakrishnan

**In Attendance**

Aviral Jain, CGM-in-Charge & Secretary
Y. Jayakumar, GM

## Minutes of the Six Hundred and Third (603rd) Meeting of the Central Board of Directors of the Reserve Bank of India held on September 01, 2023 at Indore

Governor welcomed all the participants to the meeting and extended a special welcome to Shri Swaminathan J. who was attending his first meeting of the Central Board after being appointed as Deputy Governor and to Shri P. Vasudevan, Executive Director who was attending his first meeting upon elevation as Executive Director. Governor informed the Board that this was the last Central Board meeting for Shri Sitikantha Pattanaik, Executive Director as he was superannuating from the Bank's Service at the end of September 2023. He appreciated the services rendered by Shri Pattanaik and wished him well for his future. He also informed that Shri Aviral Jain, CGM In-charge & Secretary would take over as Regional Director, Mumbai, handing over the charge to Shri Y. Jayakumar, General Manager.

2. Shri Pankaj Ramanbhai Patel, Director made a presentation titled "Landscape and Potential of Healthcare in India". The presentation was well appreciated by members and generated a lively discussion.

3. The Agenda for the meeting was taken up, thereafter.

(i) The agenda of the meeting is at Annex-I.

(ii) Action points that emerged from the meeting are at Annex-II.

### 4. Minutes of the meeting of the Central Board held on May 19, 2023

4.1 The minutes of the meeting of the Central Board held on May 19, 2023 were approved by the Central Board and recorded.

4.2 The Chairman signed the minutes.

### 5. Grant of leave of absence to Directors

5.1 The Board considered the request for leave of absence from Central Board Directors, Shri Satish K. Marathe and Shri Venu Srinivasan and granted the same.

## 6. Submission of Proceedings of the meetings of the Committee of Central Board

6.1 Proceedings of the meetings of the Committee of Central Board held between May 10, 2023 and August 17, 2023 already circulated among the Directors, were submitted to the Central Board and recorded.

## 7. Weekly Statement of Affairs of Reserve Bank of India for the week ended August 25, 2023

7.1 The weekly accounts of the Bank for the week ended August 25, 2023 were submitted to the Central Board.

7.2 The Board approved the accounts.

## 8. Weekly Financial and Commercial Report (WFCR)

8.1 The Board reviewed and discussed the macroeconomic developments and the state of the money market during the week as reflected in the Weekly Financial and Commercial Report (WFCR).

8.2 The Board deliberated extensively on various issues such as growth concerns in advanced economies, climate impact on labour productivity, regulation of Artificial Intelligence and the interest rate transmission in India. On the aspect of interest rate transmission, Governor advised that a presentation be made by MPD and DoS in the next meeting of the Board.

## 9. Appreciation of the services of Central Board Directors of Reserve Bank of India who have demitted office

9.1 The Board considered the Executive Director's Memorandum dated August 17, 2023 on Appreciation of the services of Central Board Directors of Reserve Bank of India who have demitted office.

9.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Central Board places on record its appreciation of the valuable services rendered by Shri Mahesh Kumar Jain during his

tenure as Deputy Governor in the Reserve Bank of India from June 22, 2018 to June 21, 2023.

Shri Jain represented the RBI on the Governing Council of the Centre for Advanced Financial Research and Learning (CAFRAL), the Board of Management of the Indira Gandhi Institute of Development Research (IGIDR), the Governing Board of the National Institute of Bank Management (NIBM), National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD) and Banks Board Bureau (BBB). He has also represented the RBI in the Basel Committee on Banking Supervision (BCBS) and the Organisation for Economic Co-operation and Development / International Network for Financial Education (OECD/ INFE) Advisory Board.

The Central Board of Directors appreciates Shri Jain's valuable contributions and insights to the deliberations of the Central Board and its Committees and wishes him all success in the future. The Board wishes him and his family all the very best and good health and happiness in the years to come.

**Resolved further**

that, the Secretary may convey the above Board resolution to the Director.

[redacted]

[redacted]

## 11. Amendment to RBI Pension Regulations, 1990

11.1 The Board considered the Executive Director's Memorandum dated July 31, 2023 on Amendment to RBI Pension Regulations, 1990.

11.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that having received the previous sanction of Central Government, duly vetted by Ministry of Law and Justice, under clause (j) of sub-section (2) of Section 58 of the Reserve Bank of India Act, 1934, the Central Board hereby approves, the amendments to the regulations of RBI Pension Regulations, 1990 as indicated at para 2, as set out in the Annex to this Memorandum.

## 12. Appeal made by West End Housing Finance Limited against the Bank's decision on its application for license of Small Finance Bank

12.1 The Board considered the Executive Director's Memorandum dated August 23, 2023 on Appeal made by West End Housing Finance Limited against the Bank's decision on its application for license of Small Finance Bank. [redacted]

12.2 After discussion, the Board passed the following resolution:

**Resolved**

that after careful consideration of the facts placed before the Central Board, and taking into account all relevant factors, the appeal made by West End Housing Finance Limited against the Bank's decision on its application for license of Small Finance Bank be, and is hereby, rejected.

**13. Media Procurement Policy of Reserve Bank of India**

13.1 The Board considered the Executive Director's Memorandum dated August 24, 2023 on Media Procurement Policy of Reserve Bank of India.

13.2 A Director suggested that the Government e-Marketplace (GeM) portal could be considered for media procurement. It was advised that the feasibility of utilising the GeM portal be examined. Later, the Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Media Procurement Policy for the Reserve Bank for executing the Public Awareness Campaigns of the Reserve Bank, be, and is hereby, approved.

**14. Report on the activities of the Board for Financial Supervision for the period ended March 31, 2023**

14.1 The Board considered the Executive Director's Memorandum dated July 13, 2023 on Report on the activities of the Board for Financial Supervision for the period ended March 31, 2023.

14.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Executive Director's memorandum dated July 13, 2023 on the Report on the activities of the Board for Financial Supervision for the period ended March 31, 2023, be, and is hereby, recorded.

**15. Report on the activities of Reserve Bank of India Services Board for the period April 2022 to March 2023**

15.1 The Board considered the Executive Director's Memorandum dated July 24, 2023 on Report on the activities of Reserve Bank of India Services Board for the period April 2022 to March 2023.

15.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Memorandum dated July 24, 2023 regarding the 55th Annual Report of the Reserve Bank of India Services Board for the year 2022-2023, be, and is hereby, recorded.

**16. Forty Eighth Annual Report of the Chief Vigilance Officer of the Reserve Bank of India for the period July 2022 to June 2023**

16.1 The Board considered the Chief Vigilance Officer's Memorandum dated July 21, 2023 on Forty Eighth Annual Report of the Chief Vigilance Officer of the Reserve Bank of India for the period July 2022 to June 2023.

16.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Annual Report of the Chief Vigilance Officer for the period July 2022 to June 2023 be, and is hereby, taken on record.

**17. Report on the activities of the Department of Regulation (July 01, 2022 to June 30, 2023)**

17.1 The Board considered the Executive Director's Memorandum dated August 18, 2023 on Report on the activities of the Department of Regulation (July 01, 2022 to June 30, 2023).

17.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Executive Director's Memorandum dated August 18, 2023 reviewing the activities of the Department of Regulation during the

period July 01, 2022 to June 30, 2023, as furnished hereinabove, be, and is hereby, recorded.

**18. Minutes of 182nd Meeting of the Central Official Language Implementation Committee held on May 16, 2023**

18.1 Minutes of 182nd Meeting of the Central Official Language Implementation Committee held on May 16, 2023 were submitted to the Central Board.

18.2 The Board considered the same and passed the following resolution:

**Resolved**

that the minutes of 182nd Meeting of the Central Official Language Implementation Committee held on May 16, 2023 be, and are hereby, recorded.

**19. Proceedings of the Meeting of Standing Committee of Central Board (Local Board – Northern Area) held on March 03, 2023**

19.1 Proceedings of the Meeting of Standing Committee of Central Board (Local Board – Northern Area) held on March 03, 2023 were submitted to the Central Board.

19.2 The Board considered the same and passed the following resolution:

**Resolved**

that the Proceedings of the Meeting of Standing Committee of Central Board (Local Board – Northern Area) held on March 03, 2023 be, and are hereby, recorded.

**20. Proceedings of the Meeting of the Standing Committee of Central Board (Local Board - Southern Area) held on May 22, 2023**

20.1 Proceedings of the Meeting of the Standing Committee of Central Board (Local Board - Southern Area) held on May 22, 2023 were submitted to the Central Board.

20.2 The Board considered the same and passed the following resolution:

**Resolved**

that the Proceedings of the Meeting of the Standing Committee of Central Board (Local Board - Southern Area) held on May 22, 2023, be, and are hereby, recorded.

**21. Revisions to the Expenditure Rules (ER)**

21.1 The Board considered the Chief Financial Officer's Memorandum dated August 03, 2023 on Revisions to the Expenditure Rules (ER).

21.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the sanctioning powers under the paragraph number 39.2 relating to 'Payments to Bank's Subsidiaries' shall be, Officer in Grade E / D, up to ₹10 lakh, Officer-in-Charge (O-i-C) up to ₹2 crore and Committee of Executive Directors exceeding ₹2 crore, be, and is hereby, approved.

Thereafter, the proposal contained in Memorandum regarding repeal of Bank's Expenditure Rules 2018 and adoption of the revised Bank's Expenditure Rules 2023, be, and is hereby, approved.

**22. Board for Financial Supervision (BFS) – Nomination of Vice-Chairman**

22.1 The Board considered the Executive Director's Memorandum dated August 29, 2023 on Board for Financial Supervision (BFS) – Nomination of Vice-Chairman.

22.2 The Board passed the following resolution:

**Resolved**

that the Executive Director's Memorandum dated August 29, 2023 for nomination of Shri Swaminathan J., Deputy Governor, as full

time Vice-Chairman of the Board for Financial Supervision be, and is hereby, approved.

**23. Date and place of next Meeting of the Central Board – October 27, 2023 at Rishikesh**

**Resolved**

that the next Central Board Meeting will be held on October 27, 2023 at Rishikesh.

**24. Any other business with the permission of the Chair**

Nil

**Information items**

**(i) Annual Report on functioning of the Local Boards during the period April 2022 - March 2023**

(a) The information item was **Recorded.**

**(ii) Compliance to the Directions of the Central Board**

(a) The information item was **Recorded.**

**Dated the October 27, 2023** **Chairman**

Annex I

## 603rd Central Board Meeting

### Friday, September 01, 2023 at Indore

### Agenda

| Agenda No. | Agenda Item | Department |
|---|---|---|
| 1. | Signing of Minutes of the meeting of the Central Board held on May 19, 2023 | Secretary's |
| 2. | Grant of leave of absence to Directors | Secretary's |
| 3. | Submission of Proceedings of the meetings of the Committee of Central Board | Secretary's |
| 4. | Weekly Statement of Affairs of Reserve Bank of India for the week ended August 25, 2023 | DGBA |
| 5. | Weekly Financial and Commercial Report (WFCR) | DEPR |
| 6. | Appreciation of the services of Central Board Directors of Reserve Bank of India who have demitted office | Secretary's |
| [redacted] | [redacted] | [redacted] |
| 8. | Amendment to RBI Pension Regulations, 1990 | HRMD |
| 9. | Appeal made by West End Housing Finance Limited against the Bank's decision on its application for license of Small Finance Bank | DoR |
| 10. | Media Procurement Policy of Reserve Bank of India | DoC |
| 11. | Report on the activities of the Board for Financial Supervision for the period ended March 31, 2023 | DoS |
| 12. | Report on the activities of Reserve Bank of India Services Board for the period April 2022 to March 2023 | RBISB |
| 13. | Forty Eighth Annual Report of the Chief Vigilance Officer of the Reserve Bank of India for the period July 2022 to June 2023 | CVC |
| 14. | Report on the activities of the Department of Regulation (July 01, 2022 to June 30, 2023) | DoR |

| Agenda No. | Agenda Item | Department |
|---|---|---|
| 15. | Minutes of 182nd Meeting of the Central Official Language Implementation Committee held on May 16, 2023 | Rajbhasha |
| 16. | Proceedings of the Meeting of Standing Committee of Central Board (Local Board – Northern Area) held on March 03, 2023 | Secretary's |
| 17. | Proceedings of the Meeting of the Standing Committee of Central Board (Local Board - Southern Area) held on May 22, 2023 | Secretary's |
| 18. | Revisions to the Expenditure Rules (ER) | CSBD |
| 19. | Board for Financial Supervision (BFS) – Nomination of Vice-Chairman | DoS |
| 20. | Date and place of next Meeting of the Central Board – October 27, 2023 at Rishikesh | Secretary's |
| 21. | Any other business with the permission of the Chair | Secretary's |
| **Information Item** | | |
| i. | Annual Report on functioning of the Local Boards during the period April 2022 - March 2023 | Secretary's |
| ii. | Compliance to the Directions of the Central Board | Secretary's |

Annex II

# 603rd Central Board Meeting: Friday, September 01, 2023 at Indore

## Action Points

### Agenda item no. 5: Weekly Financial and Commercial Report (WFCR)

1. On the aspect of interest rate transmission, Governor advised that a presentation be made by MPD and DoS in the next meeting of the Board.

**[Action : MPD and DoS]**

### Agenda item no. 10: Media Procurement Policy of Reserve Bank of India

2. A Director suggested that the Government e-Marketplace (GeM) portal could be considered for media procurement. It was advised that the feasibility of utilising the GeM portal be examined.

**[Action : DoC]**